नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 ईरान की धमकी, अमेरिकी जहाज बने निशाने


6 आस्था और संकल्प की अनंत धारा सोमनाथ


7 निजी पूंजीगत व्यय 7.7 लाख करोड़ पर


11 चेन्नई सुपर किंग्स अंक तालिका में 5वें स्थान पर

# विजय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

## तमिलनाडु में नौ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

**चेन्नई 10 मई. तमिलनाडु में तमिझगा वेट्री कषगम प्रमुख चंद्रशेखर जोसेफ विजय को रविवार को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी. उनके साथ नौ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली.**

विजय को नेहरू स्टेडियम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी. उनके अलावा एन आनंद, आधव अर्जुन , डॉ. के.जी. अरुणराज, के.ए. सेनगोट्टयां, पी. वेंकटरमणन,आर. निर्मल कुमार, राजमोहन, डॉ टी.के. प्रभु और सेल्वी एस. कीर्तना को मंत्रिपद की शपथ दिलायी गयी. इस कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, फिल्मी हस्तियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और हजारों समर्थक शामिल हुए. वहीं, शपथ ग्रहण के दौरान राज्यपाल आर. एन. अर्लेकर ने हस्तक्षेप करते हुए विजय से कहा कि शपथ ग्रहण के समय वही पढ़ा जाए जो लिखकर दिया गया है. विजय निर्धारित भाषण की लाइनें छोड़कर लोगों से सीधे संवाद करने लगे थे.



### नए सीएम विजय को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने पर टीवीके अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय को बधाई दी. और जनता के फायदे के लिए प्रभावी सहयोग की उम्मीद जताई. केंद्र लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने मिलकर काम करती रहेगी.

### तमिलनाडु ने चुन ली एक नई पीढ़ी : राहुल

**नई दिल्ली.** लोकसभा सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु में थलपति विजय को मुख्यमंत्री चुने जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि तमिलनाडु ने चुन ली एक नई पीढ़ी-एक नई आवाज़...

## हिमंत बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार असम के होंगे सीएम

**गुवाहाटी, 10 मई.** असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने रविवार को हिमंत बिस्वा सरमा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया. उन्होनें अपना बहुमत राज्यपाल ने लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के सामने पेश किया . हिमंत को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया गया है. इस फैसले के साथ ही उनके लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया.



इस अवसर पर यहां आए केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की. उन्होंने बताया कि भाजपा के आठ विधायकों ने विधायक दल के नेता के रूप में सरमा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया. इससे पहले आज सुबह असम भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे. गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न हुए 126 सदस्यीय विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग ने प्रचंड जीत हासिल की है. भाजपा ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जबकि उनके गठबंधन सहयोगियों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फंट (बीपीएफ) ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है. इस दो तिहाई बहुमत के साथ राजग ने राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है.

AMITY UNIVERSITY GWALIOR

LAW

PROGRAMMES OFFERED
- B.A, LL.B (Hons)*
- BBA, LL.B (Hons)*
- LL.B (Hons)*

(*Approved by BCI)

- LL.M (Spl Offered) - Constitutional Law / Corporate Law

To apply visit:
amity.edu/gwalior
by: 16th May 2026
7303-872-872

The Amity Gwalior Advantage
- Placements in leading entities such as Khurana & Khurana, Phoenix Legal, ICICI Bank, Delhivery, QuisLex, Tata AIG, Paytm, MP Judiciary...
- Ranked among top 2 in Madhya Pradesh (Pvt) - Best Law Colleges in India'25 by India Today
- Ranked among top 3 in Madhya Pradesh (Pvt) - India's Best Law Colleges'25 by The Week- Hansa Research
- Distinguished faculty comprising eminent visiting jurists & policy makers
- Regular visits to Courts, Lok Adalats, Tribunals, Jails, Forensics Labs and Police Stations for practical exposure
- Eminent law experts visiting the campus include SC Judges, HC Judges, Lokayukta officials, Business Law Chamber Associates...

Amity University Gwalior, Maharajpura, Gwalior (Opp. Airport) | E: admissions@gwa.amity.edu

## कांग्रेस विश्वासघात करती है : पीएम

- आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें स्थापना दिवस का लोकार्पण
- पीएम मोदी ने समाज और युवाओं पर जोर दिया

**नई दिल्ली, 10 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर के 45वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में 'लोटस' की छत्रछाया और गुरुदेव रवि शंकर के योगदान की महत्ता पर जोर दिया. पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला.**


मोदी ने कहा कि पहचान अब परजीवी पार्टी बनकर रह गई है, काग्रेंस अपने साथियों के साथ विश्वासघात करती है. उन्होनें कहा कि काग्रेंस देश को बॉटना चाहती है, राज्य का विकास होगा तो ही देश का विकास होगा. वैश्विक संकट के समय हमें संकल्प लेने होंगे और पेट्रोल डिजल का हमें कम उपयोग करने होंगे. साथ ही उन्होनें कहा कि डिजिटल क्रांति ने भारत को वैश्विक डिजिटल पेमेंट लीडर बनाया है और इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित हो रहा है. उन्होंने समाज, राजनीति और सरकारों से भी अधिक शक्तिशाली नागरिक भागीदारी को राष्ट्र निर्माण की सफलता का आधार बताया. पीएम ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को सुझाव देते हुए कहा कि अच्छा है मेरे से ही जुड़ों. वहीं, उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में 250 एकड़ में फैला आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर योग, ध्यान और सुदर्शन क्रिया से तनावमुक्त जीवन जीने के लिए बेसिक और एडवांस्ड कोर्स, आवासीय कार्यक्रम और शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता है.



### साहस और शक्ति की विरासत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहस और शक्ति की विरासत ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी ने कहा, आज बेंगलुरु की धरती से भगवा सूरज उग आया है। जब हजारों भाजपा कार्यकर्ता इतनी सुबह एक साथ जुट सकते हैं, इसका मतलब यही है कि देश में राष्ट्र नीति के प्रति जनता की गहरी आस्था है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी को याद करते हुए कहा कि यह चिंगारी समय के साथ बड़ी ज्वाला में बदल गई, जिसने गुलामी की बेड़ियों को भस्म कर दिया।

### एक नजर में



#### रक्षा साहित्य संवाद मंच को संबोधित करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली.** देश का प्रमुख रक्षा और रणनीतिक संवाद मंच कलाम एवं कवच 3.0 गुरुवार को यहां आयोजित किया जायेगा, जिसमें आई-स्वदेशीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को तेज़ी से आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में शीर्ष सैन्य कमांडर, नीति-निर्माता, राजनयिक और रक्षा उद्योग जगत की प्रमुख हस्ती भारत की विकसित होती सुरक्षा संरचना पर दिन भर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण उद्घाटन सत्र होगा.

#### अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

**सोनीपत.** हरियाणा की सोनीपत पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है .आरोपियों को ओमैक्स सिटी क्षेत्र से पकड़ा गया, जिनमें एक सोनीपत और दो अन्य राज्यों के निवासी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से मोबाइल फोन, लैपटॉप, करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी और पांच लाख रुपये नकद बरामद किए हैं।एसयूएजी प्रभारी निरीक्षक अजय धनखड़ के अनुसार आरोपी फर्जी मोबाइल एप के जरिए विदेशी नागरिकों, खासकर अमेरिकी लोगों को निशाना बनाते थे.

### एक्सप्रेसवे पर दिल्ली पुलिस जवान की मौत

**बागपत, 10 मई.** उत्तर प्रदेश में बागपत के खेकड़ा कस्बे के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के एक जवान की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हापुड़ जनपद के जमालपुर गांव निवासी अरुण पुत्र सत्येंद्र दिल्ली पुलिस में तैनात थे। आज सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल से दिल्ली से गाजियाबाद की ओर जा रहे थे. बताया गया कि जैसे ही वह खेकड़ा खेल स्टेडियम के निकट ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

## वैभव ने टी20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

- वैभव सूर्यवंशी ने टी20 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा
- टी20 में कारनामा करने वाला दुनिया का पहला खिलाड़ी

**अहमदाबाद, 10 मई. अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच में वैभव सूर्यवंशी ने क्रिकेट इतिहास में अपनी जगह पक्की कर दी। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाकर टी20 क्रिकेट में अपने 100वें छक्के का कीर्तिमान बनाया। 15 साल का खिलाड़ी टी20 में ऐसा कारनामा करने वाला के दुनिया पहला खिलाड़ी बन गया है.**




टी 20 में सबसे कम गेदों में100 छक्के लगा दिए हैं। वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज केरोन कोलार्ड का रिकार्ड तोड़ दिया है.यह छक्का मोहम्मद सिराज की गेंद पर आया और वैभव ने 16 गेंदों में 3 छक्के और 3 चौके की मदद से 36 रन बनाए। इस उपलब्धि के साथ वह टी20 में सबसे तेज 100 छक्क लगाने वाले बल्लेबाज बन गए. वैभव ने 514 गेंदों में यह रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज करणबीर सिंह को यह आंकड़ा 813 गेंदों में और कीरोन पोलार्ड को 843 गेंदों में हासिल हुआ था.

## योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री, 2 को प्रमोशन

- राजभवन में शपथ समारोह : मंत्रियों ने सीएम के पैर छुए
- कृष्णा पासवान : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से चौथी बार विधायक

**लखनऊ, 10 मई. उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में आज कैबिनेट का दूसरा बड़ा विस्तार हुआ, जिसमें 6 नए सदस्य शामिल किए गए. इसमें 2 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्री शामिल हैं, जबकि 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर राज्य मंत्री बनाया गया.**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में राजभवन में आयोजित समारोह में सबसे पहले भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शपथ ली. इसके बाद सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की. तीसरे और चौथे क्रम में अजीत पाल और सोमेंद्र तोमर ने शपथ ली. दोनों पहले राज्य मंत्री थे और अब उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया. इसके बाद कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली. कृष्णा पासवान चौथी बार विधायक हैं और राजनीति में आने से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रह चुकी हैं. शपथ ग्रहण के बाद सभी नए मंत्री राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पैर छूकर सम्मान प्रकट किया. नए मंत्रियों में 1 ब्राह्मण, 3 ओबीसी और 2 दलित वर्ग के सदस्य शामिल हैं. अब योगी मंत्रिमंडल में कुल 60 मंत्री हैं. योगी मंत्रिमंडल का पहला विस्तार 5 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ था.




## सीएम डॉ. यादव बोले-अब विकास का दौर

### गुना में अडाणी ग्रूप की अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास

**गुना,10 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को गुना जिले के मावन में बनने जा रही अडाणी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शहर के दशहरा मैदान से ऑनलाइन शिलान्यास किया. अडाणी ग्रुप इस फैक्ट्री के निर्माण में करीब 1059 करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है.**

इस मौके पर ग्रुप के डायरेक्टर प्रणव अडाणी ने 1500 लोगों को रोजगार देने का भी वादा किया है. कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री हवाई अड्डे से दशहरा मैदान तक खुली जीप में सवार होकर पहुंचे, जहां जनसैलाब ने पुष्पवर्षा कर उनका ऐतिहासिक स्वागत किया. जनता के उत्साह को देख मुख्यमंत्री भावविभोर हो गए और इसकी तुलना होली-दीवाली के उल्लास से की. जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्षेत्र के अतीत और वर्तमान के अंतर को रेखांकित किया.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा पहले इस क्षेत्र में आतंक और भय का समय था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा परिदृश्य बदल गया है. आज यहां सिंचाई, बिजली और शानदार सड़कों का जाल बिछा है और अब यह क्षेत्र औद्योगिक क्रांति का केंद्र बन रहा है. अब विकास का दौर है. मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण वर्ष का जिक्र करते हुए किसानों को भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों के लिए ली जाने वाली जमीन का उन्हें बाजार मूल्य से चार गुना दाम दिया जाएगा.

### गुस्ताखी माफ




**राजनीति** | नई दोस्ती के सहारे कांग्रेस ने दिया बहुस्तरीय संदेश

## राहुल-विजय की जोड़ी का ऐतिहासिक युगांतर का आगाज

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 10 मई.** तमिलनाडु के राजनीतिक क्षितिज पर दशकों पुराने द्रविड़ियन द्विध्रुवीय वर्चस्व का अंत कर मुख्यमंत्री के रूप में सी जोसेफ विजय का उदय होना न केवल राज्य के लिए एक ऐतिहासिक युगांतर का आगाज है बल्कि राहुल गांधी द्वारा विजय को समर्थन देते हुए अन्य साथियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना और विजय द्वारा सार्वजनिक मंच पर राहुल गांधी को मेरा भाई कहना राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक मजबूत व दूरगामी संदेश भी है.राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि जिस तरह से राहुल गांधी ने एक झटके में दो दशक पुराने सहयोगी डीएमके का साथ छोड़ने का फैसला कर एक उभरते युवा विकल्प को गले लगाया उससे साफ है कि राहुल गांधी ने न सिर्फ दक्षिण भारत में कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए थके व परंपरागत विकल्प के बजाय युवा पीढ़ी को जोड़ने वाले उर्जावान साथी को अपनाया है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर मौजूद इंडिया गठबंधन के मौजूदा सहयोगियों के बीच भी भविष्य की लकीर खींचनें का प्रयास किया है.विजय के शपथग्रहण समारोह में राहुल गांधी ने जिस तरह से व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराई और जिस तरह का सम्मान का भाव विजय ने दिखाया वह निश्चित रूप से नई राजनीतिक केमिस्ट्री का परिचायक बना है. क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह के धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक विकल्प का उदय हुआ उसमें से ज्यादातर दलों का उदय कांग्रेसी वोटबैंक में सेंधमारी करने या कांग्रेसी कंधे का सहारा बनकर हुआ है.

( शेष पेज 7 पर )

### कांग्रेस को दो तरफा फायदा

दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में एक चर्चा यह भी है कि तमिलनाडु को संभावित राष्ट्रपति शासन से बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा अपने रूख में ऐसा परिवर्तन किया गया है. इससे कांग्रेस को दोतरफा फायदा होता दिख रहा है. सबसे पहले तो लंबे समय से कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता डीएमके के रवैये से घुटन महसूस कर रहे थे. डीएमके चुनाव दर चुनाव कांग्रेस की सीटों की हिस्सेदारी कम करती जा रही थी.राज्य में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद डीएमके ने कभी भी कांग्रेस को तमिलनाडु सरकार में शामिल नहीं किया .जिसके कारण जमीनी कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी थी. नए सहयोगी के साथ आने से नाराज़गी समाप्त होगी और पार्टी 2029 के लिए सम्मानजनक सीटों के लिए तैयारी आरंभ कर देगी. इसके अलावा कांग्रेस के बदलते स्वभाव के बारे में भी मौजूदा सहयोगियों के बीच सख्त संदेश दिया जा सका है. जिसके कारण कोई भी अपने गैरवाजिब शर्तों के आगे कांग्रेस को अब घुटने टेकने को मजबूर नहीं कर सकेगा.

## पाकिस्तान में कार बम हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत

- बन्नू में पुलिस चौकी को बनाया निशाना
- 3 पुलिस अफसरों की मौत अन्य की तलाश जारी

**इस्लामाबाद, 10 मई. पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में शनिवार को एक बड़े और खतरनाक आतंकी हमले ने सुरक्षा व्यवस्था को झकझोर दिया। घटना की शुरुआत कार बम विस्फोट से हुई, जिसने स्थानीय पुलिस चौकी को निशाना बनाया।**

धमाके की ताकत इतनी अधिक थी कि चौकी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। इसके तुरंत बाद मौके पर पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों पर हमलावरों ने घात लगाकर फायरिंग की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चौकी पर तैनात लगभग 15 पुलिसकर्मी थे, जिनमें से अधिकांश के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय पुलिस अधिकारी सज्जाद खान ने बताया कि तीन पुलिस अधिकारियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन वास्तविक संख्या अभी सामने नहीं आई है। अन्य अधिकारियों ने बताया कि हमले में एक आत्मघाती हमलावर भी शामिल था, जिसने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को चौकी के पास उड़ा दिया। इसके अलावा हमलावरों ने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया.